अस्पताल की मर्चुरी के आस पास गंदगी का आलम

परिसर गंदगी से लबरेज, पीएम के दौरान लोगों को होती है परेशानी

नवभारत न्यूज

सतना 5 जुलाई, जिला चिकित्सालय प्रशासन द्वारा भले ही स्वच्छता अभियान से संबंधित सभी अवसरों पर ब? च? कर हिस्सा लिया जाता हो, लेकिन परिसर में फैली गंदगी इस उपलब्धि पर सवालिया निशान लगा रही है। खासकर पोस्टमार्टम रूम के आसपास का दृश्य ऐसा है मानो पूरे शहर का कचरा यहीं डंप किया जा रहा हो।

अस्पताल परिसर में गंदगी का अंबार और बदहाल सुविधाएं न केवल मरीजों के लिए खतरा बन रही हैं, बल्कि जिला प्रशासन और अस्पताल प्रबंधन की कार्यशैली पर भी गंभीर सवाल खड़े कर रही हैं। जिला अस्पताल के पोस्टमार्टम रूम के आसपास का इलाका कचरे और गंदगी से अटा पड़ा है। स्थानीय लोगों और मरीजों के परिजनों की शिकायत है कि इस क्षेत्र में नियमित सफाई नहीं होती। कचरे के ढेर में मेडिकल वेस्ट, प्लास्टिक, और अन्य कूड़ा बिखरा रहता है, जिससे बदबू और बीमारियों का खतरा बना रहता है। एक मरीज के परिजन रामकुमार ने बताया, "यहां की गंदगी देखकर लगता है कि स्वच्छता अभियान सिर्फ कागजों तक सीमित है। पोस्टमार्टम रूम के पास तो ऐसी गंदगी है कि कोई बीमार न हो तो भी बीमार पड़ जाए।"

कचरा निष्पादन में लापरवाही

मिशन कायाकल्प से लेकर एन क्यू ए एस सर्टिफिकेशन की कवायद के दौरान अस्पताल कर्मियों को कचरे के निष्पादन के संबंध में कई चरणों में प्रशिक्षण दिया जा चुका है। लेकिन इसके बावजूद भी कार्यशैली में कोई सुधार नजर नहीं आया। खतरनाक संक्रामक माने जाने वाले कचरों को भी आम कचरे के साथ फेंक दिया जाता है। मर्चुरी के आस पास इस तर्क का कचरा डम्प होने के कारण संक्रमण का खतरा बना रहता है।

कॉलेज परिसर से सटे कैफे में मिली नशीली दवा

नशे में इस्तेमाल होने वाली 40 शीशी कफ सीरप बरामद, संचालक गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

सतना 5 जुलाई. शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय परिसर के निकट संचालित होने वाले एक कैफे में नशे में इस्तेमाल होने वाली कफ सीरप का स्टॉक पाया गया. जिसे देखते हुए पुलिस ने नशीली दवा को जब्त करने के साथ ही कैफे संचालक को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया.

कोलगवां थाना प्रभारी सुदीप सोनी से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर के जरिए इस बात की सूचना मिली थी कि डिग्री कॉलेज के गेट के सामने स्थित रितिक रॉयल किंग फूड कैफे के संचालक द्वारा कैफे के अंदर मादक पदार्थ का स्टॉक रखा गया है.

जिसका उपयोग संचालक द्वारा अवैध तौर पर बेचने के लिए किया जाता है. मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम ने कैफे की घेराबंदी करते हुए अंदर प्रवेश किया. कैफे के अंदर तलाशी लिए जाने पर एक सफेद-हरे रंग के मटमैले झोले में आनरेक्स कफ सीपर रखी मिली. गिने जाने पर झोले में से कफ सीरप की कुल 40 शीशियां प्राप्त हुईं.

जिसे देखते हुए कैफे संचालक रितिक यादव पिता रामदीन उम्र 25 वर्ष निवासी टीकर सिंहपुर के विरुद्ध धारा 8,21,22 एनडीपीएस एक्ट और 5/13 ड्रग कंट्रोल एक्ट के अंतर्गत प्रकरण दर्ज करते हुए गिरफ्तार कर लिया गया.

बाइक सवार भी धराया

नशीली दवाओं की तस्करी के मामले में जिले के रामपुर बघेलान थाने की पुलिस ने भी कार्रवाई करते हुए एक बाइक सवार को गिरफ्तार कर लिया. थाना प्रभारी संदीप चतुर्वेदी के अनुसार जमुना तुर्की कोरगवां रोड से गुजर रहे बाइक सवार की जब तलाशी ली गई तो बाइक पर लटके झोले में नशे में इस्तेमाल होने वाली कफ सीरप की 36 शीशियां पाई गईं. जिसे देखते हुए आरोपी रामकिशोर कुशवाहा पिता रामनारायण उम्र 64 वर्ष निवासी नई बस्ती छिजावर चोरहटा रीवा को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया गया.

इनोवा की टक्कर से महिला की मौत, एक गंभीर घायल

मैहर में दर्दनाक सड़क हादसा

नवभारत न्यूज

सतना 5 जुलाई, मैहर थाना क्षेत्र अंतर्गत अमडा नाला विद्युत सबस्टेशन के पास पास रविवार शाम को हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, इनोवा क्रिस्टा कार (क्रमांक MH 14 NA 8789) ने मोटरसाइकिल (क्रमांक MP 19 NC 3787) को टक्कर मार दी। मोटरसाइकिल पर सवार मुन्नी दाहिया निवासी नई बस्ती तथा कैलाश दाहिया निवासी हरदुआ, मैहर की ओर जा रहे थे। तभी अमड़ा नाला स्थित बिजली विभाग के सब स्टेशन के सामने यह हादसा हो गया। हादसा इतना भीषण था कि मुन्नी दाहिया की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं कैलाश दाहिया गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल मैहर सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार जारी है। बताया जा रहा है कि हादसे में उनके दोनों पैर टूट गए हैं और सतना रेफर की तैयारी चल रही है। घटना की सूचना मिलते ही मैहर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा सहित आवश्यक वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस ने दुर्घटना के कारणों की जांच प्रारंभ कर दी है। जानकारी के अनुसार, टक्कर मारने वाली इनोवा क्रिस्टा महाराष्ट्र की है और उसमें सवार लोग मैहर दर्शन के लिए आए थे। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहन को जब्त कर लिया है तथा मामले की जांच जारी है।

विद्युत विभाग की लापरवाही से कर्मचारी झुलसा, रीवा रेफर

नवभारत न्यूज

सतना 5 जुलाई, जिले के रामनगर स्थानीय विद्युत विभाग की लापरवाही के कारण लाइन सुधार रहे आउटसोर्स कर्मचारी गंभीर रूप से झुलस गया.

घटना रामनगर के रेस्ट हाउस के समीप की है, जहाँ विद्युत पोल पर काम कर रहे आउटसोर्स कर्मी लल्ला पटेल करंट लगने से बुरी तरह झुलस गए . आनन-फानन में उन्हें उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहाँ हालत नाजुक होने के कारण डॉक्टरों ने उन्हें रीवा के संजय गांधी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया. मिली जानकारी के मुताबिक, पीड़ित कर्मचारी नियमानुसार शटडाउन लेकर यानी लाइन बंद कराकर ही पोल पर चढ़कर सुधार कार्य कर रहा था . इसी बीच कथित तौर पर पावर हाउस से किसी अज्ञात स्टाफ द्वारा बिना किसी पूर्व सूचना के अचानक बिजली की सप्लाई चालू कर दी गई, जिससे यह दर्दनाक हादसा हो गया.करंट लगते ही कर्मचारी पोल पर ही तड़पने लगा और गंभीर रूप से झुलस गया. इस हादसे के बाद बिजली विभाग की कार्यप्रणाली और सुरक्षा दावों पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं.परिजनों और साथी कर्मचारियों का सीधा आरोप है कि विभाग द्वारा आउटसोर्स कर्मचारियों से बिना किसी सुरक्षा मानक के जान जोखिम में डाल कर काम कराया जा रहा है.पोल पर चढ़ने के बावजूद इन्हें सेफ्टी ग्लव्स, इंसुलेटेड बूट और सेफ्टी बेल्ट जैसे आवश्यक उपकरण मुहैया नहीं कराए जाते, जिसके चलते क्षेत्र में लगातार ऐसे हादसे हो रहे हैं.

सिंगल लाइन में दौड़ रही ट्रेनों के कारण साढ़े तीन घंटे में शटल सतना पहुंची

रीवा-सतना के बीच ट्रेनों का दवाब बढ़ा, डिविजन की ट्रेन की लगातार अनदेखी

नवभारत न्यूज

सतना 5 जुलाई, रीवा-जबलपुर एक्सप्रेस इन दिनों लगातार निर्धारित समय से देरी से चल रही है। रविवार को भी ट्रेन रीवा से विलंब से रवाना हुई और सतना जंक्शन करीब तीन घंटे देरी से पहुंची, जिससे यात्रियों को लंबा इंतजार करना पड़ा।

रीवा-जबलपुर एक्सप्रेस ट्रेन की लगातार लेटलतीफी यात्रियों के लिए परेशानी का कारण बन गई है। रविवार को ट्रेन सतना जंक्शन अपने निर्धारित समय दोपहर 3 बजे के बजाय शाम करीब 6 बजे पहुंची। ट्रेन के इंतजार में प्लेटफॉर्म पर बैठे यात्रियों को लगभग तीन घंटे तक इंतजार करना पड़ा। इसका सबसे अधिक असर रोजाना अप-डाउन करने वाले कर्मचारियों, नौकरीपेशा लोगों, विद्यार्थियों और अन्य यात्रियों पर पड़ा।

रीवा से सतना के बीच की दूरी लगभग 50 किलोमीटर है, जिसे सामान्य परिस्थितियों में करीब एक घंटे में तय किया जाता है। लेकिन ट्रेन के विलंब और रास्ते में बार-बार रुकने के कारण यही सफर करीब साढ़े तीन घंटे में ट्रेन सतना जंक्शन पहुंची। जानकारी के अनुसार, रीवा-

सतना रेलखंड अभी सिंगल ट्रैक है। इसी मार्ग पर कई नई ट्रेनों का संचालन होने से ट्रैफिक का दबाव बढ़ गया है। डबल रेलवे लाइन का निर्माण कार्य जारी है और कई हिस्सों में काम पूरा भी हो चुका है। हालांकि निर्माण कार्य और सिंगल लाइन के कारण लोकल ट्रेनों को कई स्टेशनों पर रोककर एक्सप्रेस और लंबी दूरी की ट्रेनों को प्राथमिकता दी जाती है, जिससे रीवाङ्कजबलपुर एक्सप्रेस अक्सर विलंब का शिकार हो जाती है। गौरतलब है कि रीवा रेलवे स्टेशन से प्रतिदिन करीब 30 ट्रेनों का संचालन होता है। इनमें लगभग 15 ट्रेनें रीवा से विभिन्न महानगरों और शहरों के लिए रवाना होती हैं, जबकि करीब 15 ट्रेनें रीवा स्टेशन पर आकर समाप्त होती हैं। यात्रियों का कहना है कि जब तक डबल लाइन का कार्य पूरी तरह पूरा नहीं होता, तब तक इस समस्या से राहत मिलना मुश्किल

दूसरी लाइन का काम तेजी से चल रहा : मतीन

सतना रेलवे स्टेशन के स्टेशन प्रबंधक ए . मतीन ने बताया कि रीवाङ्कसतना रेलखंड पर डबल ट्रैक निर्माण कार्य जारी है। इसी वजह से इस मार्ग पर ट्रेनों का संचालन प्रभावित हो रहा है और रीवाङ्कजबलपुर एक्सप्रेस को कई बार विलंब का सामना करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि रीवाङ्कआनंद विहार एक्सप्रेस को प्राथमिकता दिए जाने के बाद रीवा-जबलपुर एक्सप्रेस का परिचालन किया जाता है, जिससे इसके समय में देरी हो जाती है। स्टेशन प्रबंधक के अनुसार, डबल ट्रैक का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है और इसके जल्द पूरा होने के बाद ट्रेनों के संचालन में सुधार आने की उम्मीद है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने जताया आभार

- जिला अधिवक्ता संघ चुनाव संपन्न, नवनिर्वाचित टीम को दी बधाई

नवभार न्यूज

सतना 5 जुलाई, जिला अधिवक्ता संघ, सतना के वार्षिक चुनाव अत्यंत शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और गरिमामय वातावरण में संपन्न हो गए हैं।

चुनाव संपन्न होने के उपरांत मुख्य निर्वाचन अधिकारी (शासकीय अभिभाषक/लोक अभियोजक, सतना) रमेश मिश्रा (जीपी) ने समूची निर्वाचन समिति की ओर से एक संयुक्त बयान जारी

कर इस पूरी प्रक्रिया को सफल बनाने वाले सभी पक्षों का आभार व्यक्त किया है और नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी रमेश मिश्रा ने निर्वाचन को निर्विघ्न पूरा कराने के लिए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, महापौर योगेश ताम्रकार, जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, चिकित्सकों, सजग पत्रकारों एवं मीडिया कर्मियों के प्रति विशेष रूप से कृतज्ञता ज्ञापित की है उन्होंने कहा कि चुनाव में हिस्सा लेने वाले सभी जागरूक मतदाता अधिवक्ताओं, रात-दिन डटे रहे निर्वाचन समिति के सदस्यों, सभी मर्यादित अभ्यर्थियों (प्रत्याशियों) और प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वाले कर्मचारियों के सामूहिक प्रयासों से ही यह लोकतांत्रिक प्रक्रिया गरिमा के साथ संपन्न हो सकी,मिश्रा ने समूची निर्वाचन समिति की ओर से सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों को ऐतिहासिक विजय पर हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि नई टीम अधिवक्ता कल्याण और बार की गरिमा को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का कार्य करेगी।

श्रमिकों के लिए आयुष्मान कार्ड बनाने विशेष शिविर आज से

सतना 05 जुलाई, म.प्र. भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार मंडल के अंतर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के लिए आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु नगर पालिक निगम सतना क्षेत्र में विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 6 जुलाई से 8 जुलाई 2026 तक संजीवनी हॉस्पिटल कामता टोला सतना में आयोजित होगा। सहायक श्रमायुक्त रीवा संभाग सतना द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया है कि इस विशेष अभियान का उद्देश्य अधिक से अधिक निर्माण श्रमिकों एवं उनके परिवारों को आयुष्मान भारत योजना से जोड़ना है, ताकि उन्हें आवश्यकता पड़ने पर नि:शुल्क उपचार की सुविधा मिल सके।

श्रावण के अंतिम सोमवार पर शहर में निकलेगी विशाल कांवड़ यात्रा

जगदेव तालाब में होगा जलाभिषेक

नवभारत न्यूज

सतना 5 जुलाई, श्रावण मास के अंतिम सोमवार, 24 अगस्त को सतना में स्वर्गीय शंकरलाल तिवारी (पूर्व विधायक) की पुण्य स्मृति में विशाल कांवड़ यात्रा एवं भगवान भोलेनाथ के जलाभिषेक का आयोजन किया जाएगा। आयोजन में बड़ी संख्या में शिवभक्तों के शामिल होने की संभावना है।

सतना में श्रावण मास के अंतिम सोमवार के शुभ अवसर पर 24 अगस्त 2026 को स्वर्गीय शंकरलाल तिवारी (पूर्व विधायक) की पुण्य स्मृति में विशाल कांवड़ यात्रा एवं भगवान भोलेनाथ के जलाभिषेक का आयोजन किया जा रहा है। कांवड़ यात्रा दोपहर 2 बजे राम दरबार मंदिर, सुभाष पार्क से प्रारंभ होगी और जगदेव तालाब पहुंचकर भगवान शिव का विधि-विधान से जलाभिषेक किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार, यात्रा में बड़ी संख्या में शिवभक्त, कांवड़िए एवं श्रद्धालु शामिल होंगे। पूरे मार्ग में भक्ति गीतों और %हर-हर महादेव% के जयघोष के साथ धार्मिक माहौल रहेगा। जिला कांवड़ यात्रा संघ, सतना के आयोजक राज नारायण तिवारी (राजा) ने समस्त शिवभक्तों एवं श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर पुण्य लाभ प्राप्त करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन धार्मिक आस्था के साथ-साथ सामाजिक एकता और जनभागीदारी का भी प्रतीक है। आयोजन की तैयारियां अंतिम चरण में हैं।

एक नजर में

आईआईटी खड़गपुर से मिली उत्कर्ष को उपाधि

सतना, शिवुपरवा गांव के उत्कर्ष द्विवेदी ने आईआईटी खडकपुर से वाटर मैनेजमेंट की डिग्री हासिल कर क्षेत्र का मान बढ़ाया है। जिले के रामपुर बाघेलान क्षेत्र अंतर्गत शिवुपरवा गांव निवासी उत्कर्ष द्विवेदी ने देश के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान से वाटर मैनेजमेंट में डिग्री हासिल कर जिले और क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। उत्कर्ष की इस उपलब्धि से परिवार सहित पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। उत्कर्ष द्विवेदी इससे पहले राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) में भी चयनित हो चुके हैं। उनकी शैक्षणिक उपलब्धियां युवाओं के लिए प्रेरणा बन रही हैं। उत्कर्ष के पिता शंभूशरण द्विवेदी एवं माता मिथलेश द्विवेदी ने बेटे की सफलता पर खुशी जाहिर करते हुए इसे निरंतर मेहनत और लगन का परिणाम बताया। उत्कर्ष, सतना के वरिष्ठ पत्रकार गुणदीप चतुर्वेदी के भतीजे हैं। उनकी इस उपलब्धि पर क्षेत्र के लोगों, शुभचिंतकों और परिजनों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

विश्व हिंदू परिषद का धर्म प्रसार वर्ग प्रारंभ

सतना, विश्व हिंदू परिषद महाकौशल प्रांत के धर्म प्रसार कार्य के कार्यकर्ताओं का तीन दिवसीय वर्ग सतना के सिंधू मंगल भवन में प्रारंभ हैं वर्ग के उद्घाटन सत्र में केंद्रीय मंत्री एवं प्रचारक सुधांशु संत चरण संतोष उपाध्यक्ष सीमा सिंह विभाग मंत्री विपिन सिंह जिला अध्यक्ष विक्रम चौधरी एवं प्रांत के धर्म प्रसार के कार्य प्रमुख दिग्विजय सिंह मंचासीन रहे। विश्व हिंदू परिषद के धर्म प्रसार के सहसंयोजक यंतेंद पाठक ने बताया कि वर्ग तीन दिन चलेगा जिसमें समाज में लव जिहाद धर्मांतरण रोकने के लिए कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया जाएगा महाकौशल कौशल प्रांत के सभी जिलों मैं धर्म रक्षक के रूप में कार्य कर रहे कार्यकर्ता प्रशिक्षण में बुलाए गए हैं उनको प्रशिक्षित किया जा रहा है आज समाज में ईसाई मिशनरी और मुस्लिम धर्मगुरुओं द्वारा धर्मांतरण के बड़े-बड़े संयंत्र किया जा रहे हैं जिन्हें रोकने के लिए विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता तत्पर हैं।

सतना में भरत भूषण तिवारी को श्रद्धांजलि

सतना, सर्व समाज के तत्वावधान में महाराणा प्रताप भवन में बिहार के भोजपुर जिले के ग्राम बिलौटी में शहीद हुए भरत भूषण तिवारी की श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भरत भूषण तिवारी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दो मिनट का मौन रखकर की गई। इस दौरान भरत तिवारी अमर रहें के नारों से पूरा सभागार गूंज उठा।श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए राजभान सिंह, शशांक सिंह बघेल, पाल जैन, संजय गुप्ता, राकेश सोनी, पूनम मिश्रा, चंद्रप्रभा गौतम, नीतू मिश्रा, अनुराग पटनाह, संतोष पांडेय, पंकज शुक्ला और राम पांडेय सहित अन्य वक्ताओं ने कहा कि भरत भूषण तिवारी ने अन्याय और अत्याचार के खिलाफ जो बलिदान दिया है, वह व्यर्थ नहीं जाएगा।

कैडेट्स ने एकेएस में दिया अनुशासन और नेतृत्व का संदेश

नवभारत न्यूज

सतना 5 जुलाई, युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्रसेवा की भावना विकसित करने के उद्देश्य से एकेएस विश्वविद्यालय परिसर दस दिनों तक सैन्य प्रशिक्षण और व्यक्तित्व विकास का जीवंत केंद्र बना रहा।

3 एमपी बटालियन एनसीसी द्वारा आयोजित वार्षिक प्रशिक्षण शिविर (एटीसी-170) में मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों से आए 550 से अधिक कैडेट्स ने भाग लेकर सैन्य जीवन की बारीकियों के साथ सामाजिक दायित्वों का भी प्रशिक्षण प्राप्त किया। 22 जून से 1 जुलाई तक चले इस शिविर में कैडेट्स को ड्रिल, हथियार संचालन, मैप रीडिंग, फील्ड क्राफ्ट, आपदा प्रबंधन, नेतृत्व विकास, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता तथा सामाजिक जागरूकता जैसे विषयों पर व्यावहारिक एवं सैद्धांतिक प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के साथ आयोजित सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, प्रेरक व्याख्यानों और प्रतियोगिताओं ने शिविर को और अधिक जीवंत बनाया। शिविर में एकेएस विश्वविद्यालय के कैडेट्स ने अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए ड्रिल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया। विश्वविद्यालय के बी.टेक. जैव प्रौद्योगिकी के विद्यार्थी एवं सीनियर अंडर ऑफिसर (एसयूओ) सुमित चौरसिया को अनुकरणीय नेतृत्व, उत्कृष्ट अनुशासन और जिम्मेदारियों के प्रभावी निर्वहन के लिए प्रशंसा प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया। वहीं बी.ए. (कंप्यूटर) की छात्रा प्राची बागरी ने कैंप सीनियर के रूप में शिविर संचालन और कैडेट्स के समन्वय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाकर सभी का ध्यान आकर्षित किया।

केन्द्रीय जेल में बंदियों के लिए विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित

नवभारत न्यूज

सतना 5 जुलाई, रविवार को केन्द्रीय जेल में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन शाखा सतना के तत्वाधान में डॉ0 राकेश अग्रवाल, अध्यक्ष आईएमए शाखा सतना एवं डॉ0 एन0 के0 नेमा, आर्गनाइजिंग सेकेट्री आईएमए शाखा सतना व पूर्व जेल चिकित्सक केंद्रीय जेल सतना के मार्गदर्शन में, जेल अधीक्षक श्रीमती लीना कोष्टा के नेतृत्व में व विनय त्रिपाठी, समाजसेवी सतना के संयोजन में विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का डॉ0 राकेश अग्रवाल द्वारा फीता काट कर शुभारंभ किया गया। जेल अधीक्षक के साथ उपस्थिति जेल स्टॉफ द्वारा चिकित्सकीय टीम का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में डॉ0 ललित गुप्ता, डॉ0 आलोक खन्ना, डॉ0 हरि अग्रवाल, डॉ0 क्षितिज गुप्ता, डॉ0 अपर्णा अग्रवाल, डॉ0 आशीष गुप्ता, डॉ0 आभा अग्रवाल, डॉ0 इश्ता अग्रवाल, डॉ0 रूचि, डॉ0 सौम्या मिश्रा, डॉ0 रोली खन्ना, डॉ0 यशवी गुप्ता, डॉ0 सुमित अग्रवाल, डॉ0 सुनील अग्रवाल, डॉ0 विपिन मिश्रा, डॉ0 योगेश शुक्ला, डॉ0 आलोक भारती, डॉ0 हीरेन्द्र सिंह, डॉ0 एन0 के0 नेमा, डॉ0 प्रदीप्ति जैन, डॉ0

रेशु जैन, डॉ0 विपिन दुबे द्वारा बंदियों की जांच व उपचार किया गया। जेल अधीक्षक द्वारा जेल में बंदियों के स्वास्थ्य परीक्षण व उपचार हेतु विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित करने में महती भूमिका निभाने हेतु डॉ राकेश अग्रवाल जी, डॉ एन0के0 नेमा का आभार व्यक्त किया गया और साथ ही जेल में उपस्थित होकर बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उपचार किये जाने हेतु समस्त चिकित्सकीय टीम का भी आभार व्यक्त किया गया। जेल स्टॉफ द्वारा विशेष स्वास्थ्य शिविर को सफल बनाने में पूर्ण योगदान किये जाने हेतु धन्यवाद दिया गया।

इस शिविर में जेल अधीक्षक श्रीमती लीना कोष्टा, जेल उपअधीक्षक श्रीकान्त त्रिपाठी, जेल उपअधीक्षक सोनबीर सिंह कुशवाह, कल्याण अधिकारी अनिरूद्ध कुमार तिवारी, सहायक जेल अधीक्षक श्रीमती फिरोजा सिंह, सहायक जेल अधीक्षक/अष्टाकोंण अधिकारी अनिल प्रताप सिंह जेल चिकित्सालय स्टॉफ, अन्य जेल स्टॉफ व बंदीगण उपस्थित रहे।

नेत्र रोगी मिले 134 बंदी

केंद्रीय जेल में नेत्र रोग से ग्रसित 134 बंदियों, अस्थि रोग से ग्रसित 86 बंदियों, मानसिक रोग से ग्रसित 11 बंदियों, मेडिसिन से ग्रसित 90 बंदियों, दन्त रोग से ग्रसित 39 बंदियों, सर्जिकल से ग्रसित 63 बंदियों, चर्म रोग से ग्रसित 47 बंदियों, स्त्री एवं प्रसूति रोग से ग्रसित 12 महिला बंदियो, शिशु रोग से ग्रसित 05 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उपचार किया। जेल में कुल 482 बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उपचार किया गया, जिसमें 428 पुरुष बंदी, 54 महिला बंदी व 05 बच्चे सम्मिलित रहे।